# सड़क धंसने की घटना की समिति करेगी जांच



**भोपाल, 14 अक्टूबर. शहर के पूर्वी बायपास पर सूखी सेवनिया रेलवे ओवर ब्रिज ( आरओबी ) के पास सड़क धंसने की घटना की रिपोर्ट गठित की गई जांच समिति 7 दिन में देगी.**

सोमवार को सड़क धंसने की घटना हुई, जब ईस्टर्न बायपास पर स्थित आरई वॉल अचानक क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे लगभग 75 मीटर लंबाई का सड़क हिस्सा धंस गया. हालांकि इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है. मप्र सड़क विकास निगम के अधिकारियों ने तुरंत एक्शन लेते हुए पूरे क्षेत्र को बैरिकेड कर दिया और यातायात को दूसरी लेन से डायवर्ट कर सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है. भोपाल पूर्वी बायपास चार लेन मार्ग का निर्माण बीओटी (टोल) योजना के अंतर्गत मेसर्स ट्रांसट्रॉय प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा किया गया था. यह परियोजना 18 नवंबर 2010 को हुए कंसेशन अनुबंध के तहत वर्ष 2012-13 में पूरी की गई थी. अनुबंधानुसार इसकी अवधि 15 वर्ष निर्धारित थी, किंतु वर्ष 2020 में निवेशकर्ता द्वारा अनुबंध की शर्तों का पालन न करने के कारण अनुबंध निरस्त कर दिया गया तथा कंपनी को तीन वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट किया गया था. प्रथम दृष्टया निरीक्षण में तकनीकी अधिकारियों ने पाया कि आरई वॉल का निर्माण निवेशकर्ता द्वारा निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुसार नहीं किया गया था.

> निगम ने तत्काल तीन वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों की एक जांच समिति गठित की है, जो सात दिवस के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी. साथ ही, क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का कार्य तत्काल आरंभ कर दिया गया है, जिसे दस दिनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. निर्माण में प्रयुक्त मिट्टी के सैंपल लेकर उन्हें केंद्रीय प्रयोगशाला, लोक निर्माण विभाग, में परीक्षण के लिए भेजा गया है. परीक्षण परिणाम प्राप्त होने के बाद और जांच प्रतिवेदन के आधार पर, निर्माण कार्य में लापरवाही के लिए जिम्मेदार निवेशकर्ता, कंसलटेंट तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी.

## ढाबे पर खाने के बिल को लेकर खूनी संघर्ष

**भोपाल.** कटाराहिल्स थाना क्षेत्र में संचालित एक ढाबे पर खाने के बिल को लेकर खूनी संघर्ष की वारदात हुई. इस घटना में एक युवक के पेट में लोहे की रॉड घोंप दी गई, जबकि एक दर्जन लोगों को मामूली चोटें आई है. गंभीर घायल युवक का इलाज अस्पताल में जारी है, जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है. घटना के दौरान होटल के आसपास खड़ी गाडियों की भी जमकर तोड़फोड़ की गई है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को देर रात अवधनारायण और ऋतिक नाम के युवक अपने कुछ दोस्तों के साथ बाहर निकले थे. इस दौरान सभी ने रापड़िया रोड कटारा में संचालित सेठ जी नाम के ढाबे पर पहुंचकर नानवेज खाने का ऑर्डर दिया.

# दिलीप बिल्डकॉन ग्रुप के ठिकाने पर दूसरे दिन भी हुई कार्रवाई

▶ **आयकर अधिकारियों ने जब्त किए दस्तावेज**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 14 अक्टूबर. आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार को दूसरे दिन भी दिलीप बिल्डकॉन ग्रुप के ठिकानों पर कार्रवाई की. पंजाब के अमृतसर की टीम ने भोपाल के चूनाभट्टी में स्थित ग्रुप के ठिकाने पर अपनी कार्रवाई को जारी रखा है.**

टीम के अधिकारियों ने इस दौरान भारी मात्रा में दस्तावेज जब्त किए हैं. जब्त दस्तावेजों को लेकर बताया जा रहा है कि इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट के मैनिपुलेशन और शेयर में गड़बड़ी से जुड़े कागजात इकट्ठा किए जा रहे हैं. इस दौरान ग्रुप से जुड़े बड़े ओहदे के कर्मचारियों से पूछताछ भी की गई. कर्मचारियों की ओर से यह जानकारी भी अभी तक स्पष्ट नहीं की गई है कि ईड़ी की टीम ने छापेमार कार्रवाई किस आधार पर की है. ईडी के अधिकारियों ने दिलीप बिल्डकान ग्रुप पर की गई अभी तक की कार्रवाई को लेकर भी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार की जा रही कार्रवाई की फाइनल रिपोर्ट भी अभी तक ईड़ी की तरफ से तैयार नहीं हुई है. बता दें कि ईड़ी की टीम ने सोमवार को भोपाल पहुंचकर दिलीप बिल्डकॉन ग्रुप के दो ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की. जानकारी यह भी सामने आई है कि कार्रवाई को लेकर भी इनकम टैक्स की टीम ने स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों और थानों की पुलिस से भी कोई जानकारी साझा नहीं की.

# भीड़ को नियंत्रित करने मॉक ड्रिल

## वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया रहे मौजूद



**भोपाल, 14 अक्टूबर. दीपावली और छठ महापर्व पर भोपाल सहित रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में संभावित भीड़-भाड़ को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को मॉक ड्रिल की गई. क्राउड मैनेजमेंट और सुरक्षा व्यवस्था के ऊपर मॉक ड्रिल को पूरा किया गया.**

इस मौके पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने मॉक ड्रिल में स्टेशन पर उपलब्ध कंट्रोल रूम जहां सीसीटीवी कैमरों से पूरे स्टेशन की निगरानी की जाती है, के कार्यों को जांचा, कंट्रोल रूम में स्टेशन पर भीड़भाड के दौरान डिप्लॉय किए जाने वाले कर्मचारियों को निर्देशित किया गया. इस मॉक ड्रिल में वाणिज्य, आरपीएफ, ऑपरेटिंग एवं अन्य विभागों द्वारा की गयी तैयारी तथा यात्री भीड़ प्रबंधन की विस्तृत जांच की गई. इस जांच के दौरान स्टेशन पर यात्री सामान की चेकिंग, पार्सल के सामान की चेकिंग, ट्रेन चेकिंग, यात्री वेटिंग हॉल चेकिंग, स्टेशन पर टीटीई की तैनाती, यात्री उद्घोषणा, ट्रेन डिस्प्ले के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. इस ड्रिल में रेल सुरक्षा बल के डॉग स्क्वाड चेकिंग की गई तथा यात्री एवं पार्सल में आए सामान की भी चेकिंग की गई. मॉक ड्रिल के दौरान मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्याम सिंह बरेडिया, सहायक वाणिज्य प्रबंधक नवल अग्रवाल एवं ग्रेसिअस नाजरथ, सहायक सुरक्षा आयुक्त चंद्रशेखर राजपूत, निरीक्षक एवं पर्यवेक्षक आदि उपस्थित रहे.



# कोलार में बदहाल कानून व्यवस्था

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 14 अक्टूबर. कोलार में बढ़ते अपराधों को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा से मंगलवार को मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा.**

पार्टी प्रदेश सचिव राजकुमार सिंह ने इस मौके पर कहा कि क्षेत्र में पिछले 2 माह में लगातार कानून व्यवस्था की धज्जियों उड़ाई जा रही है, जिसमें 2 माह पूर्व रात में बंजारी चौराहा पर एक नाबालिक की चाकू से हत्या कर दी गई. आईएएस मंजुषा राय के घर में कुछ गुंडों ने तोड़-फोड़ कर दी, जिसमें पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की. इसकी शिकायत मुख्य सचिव तक हुई. मामले में थाना प्रभारी संजय सोनी पर गंभीर आरोप उन्होंने लगाए है. इसके साथ ही रिया रजक नामक एक बच्ची की गोली लगने से हत्या हुई, उसकी जांच रिपोर्ट आज तक नहीं आई. बच्चों के परिजनों को थाना प्रभारी की तरफ से संतोष जनक उत्तर भी नहीं मिलतार.

# बढ़ रहे कंजेक्टिवाइटिस के मरीज

## डॉक्टरों की सलाह- सीधे मेडिकल से न ले दवा

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 14 अक्टूबर. मौसम में हो रहे बदलाव से शहर के लोगों की आंखों में इंफेक्शन हो रहा है. दिन व दिन जय प्रकाश जिला चिकित्सालय समेत अन्य अस्पतालों में कंजेक्टिवाइटिस बीमारी के मरीज बढ़ रहे हैं.**

ओपीडी की कतारों में आखों की समस्या से परेशान मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है. जेपी अस्पताल में जहां रोज 8 से 10 मरीज आते थे. अब इनकी संख्या बढ़कर 30 से अधिक हो गई है. यह समस्या मौसम में बदलव के कारण लोगों में फैल रही है, जिसमें आखों में दर्द, चुभन, आंखों का लाल होना, अधिक कीचड़ पड़ने जैसी समस्या लोगों को होती है. डॉक्टरों के अनुसार यह कोई गंभीर संक्रमण वाली बीमारी नहीं है, लेकिन नजरअंदाज करने पर समस्या बढ़ सकती है. इस कारण समय पर डॉक्टर का परामर्श अवस्य लें.यह संक्रमण दो से तीन दिन में आसानी से ठीक हो सके.

### बिना सलाह न लें मेडिकल स्टोर से दवा



> जब भी आंखों में किसी भी तरह की परेशानी हो तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें. बार बार आंखों को रगड़े नहीं, बाहर से आने के बाद आंखों को पानी से जरूर धोए. हाथों को भी साफ रखें. कई बार मेडिकल स्टोर से दवा लेने पर स्टेरॉयड की दवा भी दे दी जाती है, जिससे समस्या और बढ़ जाती है. लगातार स्टेरॉयड का इस्तेमाल करने से आंखों में मोतियाबिंद हो सकता है, इसलिए आंख से संबंधित समस्या होने पर सीधे मेडिकल स्टोर से दवा लने से बचें. पहले डॉक्टर की सलाह लें उसके बाद ही किसी भी ड्राप का इस्तेमाल आंखों के लिए करें.
>
> **- डॉ निशा मिश्रा,**
> जेपी अस्पताल, भोपाल





Visit us in **BHOPAL**: D.I.G Bungalow, Berasia Road - SAI MOTORS, 7428481197 | Raisen Road, Near Prabhat Petrol Pump Square - VARENYAM MOTORS, 080-48247248 | **GUNA:** GAGAN MOTORS, 080-48247252 | **ASHOKNAGAR:** AARAV MOTORS, 7949286356 | **SEHORE:** MANTRI MOTORS, 080-48247256